# केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती)

बिहार पुलिस के सिपाही संवर्ग में जिला पुलिस/बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस/अन्य इकाईयों में रिक्त पदों पर पुरुष एवं महिला उम्मीदवारों की सीधी नियुक्ति हेतु बिहार पुलिस के सिपाही संवर्ग ( सामान्य/सशस्त्र ) में विभिन्न जिलों/बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस की वाहिनियों एवं अन्य इकाईयों में 'सिपाही' पद (वेतनमान लेवल-3 [₹21,700—69,100]) की रिक्तियों की संख्या 21,391 (इक्कीस हजार तीन सौ इक्यानवे) है।

| | |
|---|---|
| **ऑनलाइन आवेदन पत्र प्रारंभ की तिथि** | 20/06/2023 |
| **ऑनलाइन आवेदन-पत्र प्राप्ति की अंतिम तिथि** | 20/07/2023 |

## आवेदन शुल्क

| वर्ग | आवेदन मूल्य |
|---|---|
| बिहार राज्य के मूल निवासी अत्यन्त पिछड़ा वर्ग, पिछड़ा वर्ग, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग एवं अनारक्षित (सामान्य) वर्ग के पुरुष अभ्यर्थियों एवं राज्य के बाहर के अभ्यर्थी चाहे वे किसी भी कोटि/वर्ग के महिला/पुरुष | 675/- (छः सौ पचहत्तर रूपए) |
| बिहार राज्य के मूल निवासी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, राज्य के मूल निवासी सभी वर्ग / कोटि की महिला अभ्यर्थियों एवं थर्ड जेन्डर | 180/- (एक सौ अस्सी रूपए) |

## पाठ्यक्रम

लिखित परीक्षा का स्तर बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की 10वीं कक्षा (Matric) अथवा समकक्ष स्तर का होगा।

| | विषय | समय | कुल अंक | कुल प्रश्न |
|---|---|---|---|---|
| **1.** | हिन्दी | दो घंटा | 100 | 100 |
| **2.** | अंग्रेजी | | | |
| **3.** | गणित | | | |
| **4.** | सामाजिक विज्ञान (इतिहास, भूगोल, नागरिक शास्त्र, अर्थशास्त्र) | | | |
| **5.** | विज्ञान (भौतिकी, रसायन शास्त्र, प्राणि विज्ञान, वनस्पति विज्ञान) | | | |
| **6.** | सामान्य ज्ञान एवं समसामयिक मामले से संबंधित वस्तुनिष्ठ प्रश्न होंगे। | | | |

## नोट

- लिखित परीक्षा में 30 प्रतिशत से कम अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी शारीरिक दक्षता परीक्षा के लिए असफल घोषित किए जाएँगे।
- लिखित परीक्षा अंतिम मेधा सूची का आधार नहीं होगी। लिखित परीक्षा केवल शारीरिक दक्षता/जाँच-माप परीक्षा के लिए अर्हक (Qualifying) होगी।

| | |
|---|---|
| **आवेदन हेतु पात्रता** | भारतीय नागरिक (Indian) होना अनिवार्य है। |
| **शैक्षणिक योग्यता** | सिपाही के पद के लिए शैक्षणिक अर्हता दिनांक 01/08/2022 तक इण्टरमीडिएट (10+2) उत्तीर्ण अथवा बिहार राज्य सरकार के मदरसा बोर्ड द्वारा निर्गत मौलवी प्रमाण-पत्र अथवा बिहार राज्य के संस्कृत बोर्ड द्वारा निर्गत शास्त्री (अंग्रेजी सहित) अथवा आचार्य (अंग्रेजी रहित) प्रमाण-पत्र अथवा राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त अन्य समकक्ष शैक्षणिक अर्हता होगी। |

**अभ्यर्थियों की उम्र दिनांक– 01.08.2022 को "मैट्रिक अथवा समकक्ष" प्रमाण-पत्र के अनुसार निम्नवत् होगी:-**

| श्रेणी | पुरुष | महिला |
|---|---|---|
| सामान्य (अनारक्षित) वर्ग | 18 – 25 वर्ष | 18 – 25 वर्ष |
| पिछड़ा वर्ग एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग | 18 – 27 वर्ष | 18 – 28 वर्ष |
| अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जन जाति | 18 – 30 वर्ष | 18 – 30 वर्ष |
| सभी कोटि/आरक्षण कोटि के (बिहार के प्रशिक्षित एवं बिहार में नामांकित) गृह रक्षकों को निर्धारित/विहित अधिकतम उम्र सीमा में पाँच (05) वर्षों की छूट दी जाएगी। | | |

## शारीरिक मापदण्ड

ऊँचाई, सीना और वजन के लिए कोई अंक देय नहीं होगा। परंतु विहित अर्हताएँ पूरी नहीं करने वाले अभ्यर्थी असफल घोषित किए जाएंगे।

| पुरूषों के लिए | | | |
|---|---|---|---|
| **मापदण्ड** | **अनारक्षित (सामान्य) एवं पिछड़ा वर्ग** | **अत्यंत पिछड़ा वर्ग** | **अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जन जाति** |
| ऊँचाई | न्यूनतम 165 सेन्टीमीटर | न्यूनतम 160 सेन्टीमीटर | न्यूनतम 160 सेन्टीमीटर |
| सीना | 81-86 सेन्टीमीटर | 81-86 सेन्टीमीटर | 79-84 सेन्टीमीटर |
| **महिलाओं के लिए** | | | |
| **मापदण्ड** | **अनारक्षित (सामान्य) एवं पिछड़ा वर्ग** | **अत्यंत पिछड़ा वर्ग** | **अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जन जाति** |
| ऊँचाई | न्यूनतम 155 सेन्टीमीटर | न्यूनतम 155 सेन्टीमीटर | न्यूनतम 155 सेन्टीमीटर |
| वजन | 48 किलो ग्राम | 48 किलो ग्राम | 48 किलो ग्राम |

**नोट**

**किन्नर/कोथी/हिजड़ा/ट्रांसजेन्डर (थर्ड जेन्डर)** अभ्यर्थियों के लिए शारीरिक मापदण्ड तथा शारीरिक दक्षता परीक्षा का मापदण्ड महिला अभ्यर्थियों के समान होंगे।

## चयन प्रक्रिया

बिहार सिपाही परीक्षा के लिए चयन प्रक्रिया में दो चरण शामिल हैं:

- प्रारंभिक परीक्षा
- शारीरिक दक्षता परीक्षा (पीईटी)

## चरण - 1: लिखित परीक्षा

i. आवेदन-पत्रों के संग्रहण के उपरान्त, आवेदन-पत्रों की संवीक्षा की जायेगी एवं जिन अभ्यर्थियों के आवेदन पत्र सही पाये जायेंगे, उनके लिए लिखित परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। लिखित परीक्षा का स्तर बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के 10वीं कक्षा (Matric) अथवा समकक्ष स्तर का होगा एवं प्रश्न वस्तुनिष्ठ (ऑब्जेक्टिव) प्रकार के होंगे। लिखित परीक्षा 100 अंकों की होगी।

ii. प्रश्न-पत्र दो घंटों के एक प्रश्न-पत्र में कुल 100 प्रश्न होंगे जिसमें प्रत्येक सही - उत्तर के लिए एक (01) अंक दिए जाएंगे।

iii. लिखित परीक्षा में 30 प्रतिशत से कम अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी शारीरिक दक्षता परीक्षा के लिए असफल घोषित किए जायेंगे।

iv. लिखित परीक्षा अंतिम मेधा सूची का आधार नहीं होगी। लिखित परीक्षा केवल शारीरिक योग्यता परीक्षा के लिए अर्हक (Qualifying) होगी।

v. लिखित परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर यथासंभव विज्ञापित रिक्तियों के आरक्षण कोटिवार पाँच गुणा प्रत्येक कोटि के लिए अभ्यर्थियों का चयन शारीरिक योग्यता/दक्षता परीक्षा हेतु किया जाएगा। शारीरिक जाँच हेतु अर्हता प्राप्त अभ्यर्थियों की पर्याप्त संख्या में अनुपलब्धता की दशा में अभ्यर्थियों का अनुपात उपयुक्त रूप से केन्द्रीय चयन पर्षद द्वारा कम किया जा सकेगा।

## चरण - 2: शारीरिक योग्यता / दक्षता परीक्षा

| कुल अंक | 100 |
|---|---|
| **दौड़** | **अधिकतम 50 (पचास) अंक** |
| **सभी कोटि के पुरुषों के लिए** | एक मील (1.6 कि.मी.) अधिकतम 6 मिनट में |
| 5 मिनट से कम | 50 अंक |
| 5 मिनट से 5 मिनट 20 सेकण्ड तक | 40 अंक |
| 5 मिनट 20 सेकण्ड से अधिक एवं 5 मिनट 40 सेकण्ड तक | 30 अंक |
| 5 मिनट 40 सेकण्ड से अधिक एवं 6 मिनट तक | 20 अंक |
| 6 मिनट से अधिक समय लेने वाले पुरुष अभ्यर्थियों को असफल घोषित किया जायेगा। | |

| | |
|---|---|
| **सभी कोटि की महिलाओं के लिए** | एक कि.मी. अधिकतम 5 मिनट में |
| 4 मिनट से कम | 50 अंक |
| 4 मिनट से 4 मिनट 20 सेकण्ड तक | 40 अंक |
| 4 मिनट 20 सेकण्ड से अधिक एवं 4 मिनट 40 सेकण्ड तक | 30 अंक |
| 4 मिनट 40 सेकण्ड से अधिक एवं 5 मिनट तक | 20 अंक |
| 5 मिनट से अधिक समय लेने वाली महिला अभ्यर्थियों को असफल घोषित किया जायेगा। | |

| गोला फेंक | अधिकतम 25 (पच्चीस अंक) |
|---|---|
| **सभी कोटि के पुरुषों के लिए** | **16 पौंड का गोला न्यूनतम 16 (सोलह) फीट फेंकना होगा** |
| 16 फीट से 17 फीट तक | 09 अंक |
| 17 फीट से ज्यादा एवं 18 फीट तक | 13 अंक |
| 18 फीट से ज्यादा एवं 19 फीट तक | 17 अंक |
| 19 फीट से ज्यादा एवं 20 फीट तक | 21 अंक |
| 20 फीट से ज्यादा | 25 अंक |
| 16 फीट से कम फेंकने वाले पुरुष अभ्यर्थियों को असफल घोषित किया जायेगा। | |

| सभी कोटि की महिलाओं के लिए | 12 पौंड का गोला न्यूनतम 12 (बारह) फीट फेंकना होगा |
|---|---|
| 12 फीट से 13 फीट तक | 09 अंक |
| 13 फीट से ज्यादा एवं 14 फीट तक | 13 अंक |
| 14 फीट से ज्यादा एवं 15 फीट तक | 17 अंक |
| 15 फीट से ज्यादा एवं 16 फीट तक | 21 अंक |
| 16 फीट से ज्यादा | 25 अंक |
| 12 फीट से कम फेंकने वाली महिला अभ्यर्थियों को असफल घोषित किया जायेगा। | |

| ऊँची कूद | अधिकतम 25 (पच्चीस अंक) |
|---|---|
| **सभी कोटि के पुरुषों के लिए** | **न्यूनतम ऊँचाई 4 (चार) फीट** |
| 04 फीट | 13 अंक |
| 04 फीट 4 इंच | 17 अंक |
| 04 फीट 8 इंच | 21 अंक |
| 05 फीट | 25 अंक |
| 04 फीट से कम कूदने वाले पुरुष अभ्यर्थियों को असफल घोषित किया जायेगा | |

| सभी कोटि की महिलाओं के लिए | न्यूनतम ऊँचाई 3 (तीन) फीट |
|---|---|
| 03 फीट | 13 अंक |
| 03 फीट 4 ईन्च | 17 अंक |
| 03 फीट 8 ईन्च | 21 अंक |
| 04 फीट | 25 अंक |
| 03 फीट से कम कूदने वाली महिला अभ्यर्थियों को असफल घोषित किया जायेगा। | |

## नोट

* नियत समय (पुरुषों के लिए 6 मिनट एवं महिलाओं के लिए 5 मिनट) में दौड़ पूरी करने वाले अभ्यर्थियों को गोला फेंक एवं/अथवा ऊँची कूद स्पर्धा / स्पर्धाओं में न्यूनतम विनिश्चित मानदण्ड पूरा नहीं करने पर असफल घोषित किया जाएगा तथा ऐसे अभ्यर्थी को अन्य स्पर्धाओं में सम्मिलित होने का अवसर प्रदान नहीं किया जाएगा। अभ्यर्थी को सभी स्पर्धाओं में अलग-अलग सफल होना होगा। मात्र गोला फेंक एवं ऊँची कूद में अधिकतम तीन मौका दिया जाएगा।

## मेधा सूची

* बिहार पुलिस / बिहार सैन्य पुलिस एवं अन्य ईकाईयों में सिपाही के पद पर नियुक्ति हेतु चयन के लिए मेधा सूची 'संयुक्त रूप से शारीरिक दक्षता परीक्षा के अधीन तीनों स्पर्धाओं, यथा- दौड़, ऊँची कूद तथा गोला फेंक में अभ्यर्थी द्वारा प्राप्त कुल अंक के आधार पर तैयार की जायेगी।